भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली, 24 जून, 2024

विषय: मई, 2024 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल के लिए सारांश (संख्या -5)।

मई, 2024 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलाप/ कार्यक्रम नीचे दिए गए हैं: -

**1. 77 वें कान्स फिल्म समारोह में भारत की भागीदारी।**

**1.1** **कान्स में भारत :** 14 से 25 मई, 2024 तक फ्रांस में आयोजित 77वें कान्स फिल्म समारोह में भारत ने महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। अहमदाबाद के राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान द्वारा डिजाइन किया गया '**भारत पवेलियन'** इस वर्ष की थीम **'भारत में निर्माण'** को दर्शाने के लिए 'सूत्रधार' से प्रेरित था। पवेलियन का उद्घाटन 15 मई को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव श्री संजय जाजू और फ्रांस में भारत के राजदूत श्री जावेद अशरफ ने गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया। **कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र और पहली बार जम्मू और कश्मीर** ने भी समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

**1.2** **भारत पर्व :** पहली बार भारत ने कान्स में 'भारत पर्व' की मेजबानी की, जिसमें 250 गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिनिधियों को **भारतीय संस्कृति, भोजन और सिनेमा** से परिचित कराया गया। इस कार्यक्रम में गोवा में **55 वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई) के ऑफिशियल पोस्टर** का अनावरण किया गया और 55वें आईएफएफआई के दौरान आयोजित किए जाने वाले पहले विश्व **ऑडियो-विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के लिए 'सेव द डेट' पोस्टर** भी जारी किया गया। भारत पर्व के लिए मेन्यू सेलिब्रिटी शेफ वरुण तोतलानी द्वारा तैयार किया गया था और इस कार्यक्रम में अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला और एमी बरुआ, फिल्म समीक्षक अनुपमा चोपड़ा और गायिका सुनंदा शर्मा जैसी हस्तियां मौजूद थीं।

**1.3** **प्रोत्साहन और सत्र:** फिल्म सुविधा कार्यालय (एफएफओ) ने कान्स में भाग लिया, जिसमें तीन फिल्मों के लिए प्रोत्साहन आवेदनों को सुगम बनाया गया। कई सत्र आयोजित किए गए, जिसमें मार्चे डू फिल्म के मुख्य मंच पर अनुपमा चोपड़ा द्वारा संचालित 'प्रचुर प्रोत्साहन और निर्बाध सुविधा - आओ, भारत में निर्माण करें' शीर्षक से एक **उद्योग सम्मेलन सत्र** भी शामिल था। अन्य सत्रों में निर्माता समीर सरकार द्वारा संचालित एक **सह-निर्माण पैनल** और स्क्रीन इंटरनेशनल के संपादक माइकल रॉसर द्वारा संचालित **'भारतः संपूर्ण फिल्मांकन गंतव्य'** पर चर्चा शामिल थी। भारत में फिल्मांकन पर चर्चा करने के लिए फिल्म आयोगों के प्रमुखों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित की गईं।

**1.4** **भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन:** भारत ने कान्स में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया, जिसमें भारतीय फिल्म निर्माताओं, अभिनेताओं और छायाकारों ने शीर्ष पुरस्कार जीते। पायल कपाड़िया (एफटीआईआई की पूर्व छात्रा) अपनी फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज़ लाइट' के लिए **ग्रां प्री पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय** बनीं। एफटीआईआई के छात्र चिदानंद एस. नाइक की फिल्म 'सनफ्लावर वेयर द फर्स्ट वन्स टू नो' ने सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म के लिए **ला सिनेफ पुरस्कार**

जीता। प्रसिद्ध छायाकार **संतोष सिवन पियरे एंजेन्यूक्स ट्रिब्यूट पुरस्कार पाने वाले पहले एशियाई** बने और अनुसूया सेनगुप्ता को 'द शेमलेस' में उनकी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।

**1.5** **मीडिया कवरेज:** डीडी इंडिया ने भारत पैवेलियन में आए अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों की प्रतिक्रियाओं को कवर करते हुए गणमान्य व्यक्तियों और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विशेष साक्षात्कार प्रसारित किए। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने वीडियो बाइट्स, इन्फोग्राफिक्स और प्रेस विज्ञप्तियों सहित सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक पहुंच सुनिश्चित की। न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने भी **#BharatAtCannes, #CreateInBharat** और **#CannesFilmFestival** जैसे हैशटैग का उपयोग करके समारोह के कार्यक्रमों और कार्यकलापों के लिए सोशल मीडिया आउटरीच सुनिश्चित की।

## 2. आम चुनाव 2024 और "मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान

2.1 **मतदाता जागरूकता पर फील्ड कार्यक्रम:** केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) ने अपने फील्ड कार्यालयों (एफओ) और क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ) के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन किया। इनमें मतदाता जागरूकता पर केंद्रित **09 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी), 1 प्रदर्शनी और 102 फील्ड कार्यक्रम** शामिल थे। अहमदाबाद, जम्मू, पुणे, चंडीगढ़, पटना और लखनऊ में स्टाफ कलाकारों और निजी पंजीकृत मंडलियों का उपयोग कर "चुनाव का पर्व-देश का गर्व" जैसे विषयों पर **195 लोक कार्यक्रम** आयोजित किए गए।

2.2 **प्रसारण संबंधी पहलें:** डीडी न्यूज और डीडी इंडिया ने **' राज्य नीति ', 'जनादेश ', 'क्या बोले भारत', '24 की चुनौती ', ' चुनावी चक्कलस ', ' संग्राम के सेनापति ', ' जनवाणी ' और 'द ग्रेट इंडियन इलेक्शन 2024' जैसे विशेष कार्यक्रम** प्रसारित किए। इन कार्यक्रमों में विशेषज्ञ चर्चाओं और ग्राउंड रिपोर्ट के माध्यम से राज्यों के राजनीतिक परिदृश्य को कवर किया गया। इसके अतिरिक्त, आकाशवाणी (एनएसडी, एआईआर) के समाचार सेवा प्रभाग ने 1 मई, 2024 को पूर्व महानिदेशक, भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के साथ 'आम चुनाव 2024 के पहले दो चरणों में मतदाता मतदान और भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान' पर एक चर्चा प्रसारित की।

2.3 **घर से मतदान के बारे में जागरूकता:** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के माध्यम से 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए घर से मतदान करने की सुविधा के बारे में व्यापक जागरूकता सृजित की।

2.4 भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के **अपना रेडियो 96.9 एफएम ने " चुनाव का पर्व, देश का गर्व "** पर कार्यक्रमों की एक सीरीज प्रसारित की है।

2.5 **प्रतियोगिताएं और MyGov सहयोग:** "मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान के तहत MyGov के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं का चयन करने के लिए एक स्क्रीनिंग समिति की स्थापना की गई।

## 3. 'बीट द हीट' अभियान: देश भर में गर्मी के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना

3.1 **पीआईबी द्वारा सोशल मीडिया आउटरीच:** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने देश के कई हिस्सों को प्रभावित करने वाली चल रही गर्मी की लहर के लिए निवारक उपायों पर महत्वपूर्ण

सूचना प्रसारित करने के लिए सोशल मीडिया का सक्रिय रूप से उपयोग किया है। सोशल मीडिया पर "क्या करें और क्या न करें" को रेखांकित करते हुए **इन्फोग्राफिक्स और विस्तृत वीडियो** साझा किए गए हैं, जिसमें लोगों को **#BeatTheHeat** के लिए आवश्यक उपाय करने और गर्मियों के दौरान सुरक्षित रहने की सलाह दी गई है।

3.2 **आकाशवाणी और दूरदर्शन द्वारा प्रसारण संबंधी पहलें**: देश भर में आकाशवाणी स्टेशनों और दूरदर्शन केंद्रों ने हीट वेव से निपटने की तैयारियों पर केंद्रित कार्यक्रम शुरू किए हैं। आकाशवाणी (एनएसडी: एआईआर) के समाचार सेवा प्रभाग ने 6 मई, 18 मई और 29 मई, 2024 को **भारत मौसम विज्ञान विभाग के विशेषज्ञों** के साथ हीटवेव की स्थिति, आवश्यक सावधानियों और मानसून की शुरुआत की प्रगति पर **विशेष चर्चाएँ** प्रसारित की। इसके अतिरिक्त, आकाशवाणी की बाह्य सेवाओं ने 'झुलसा देने वाली गर्मी: हीटवेव के प्रभाव के खिलाफ क्लाइमेट एक्शन' शीर्षक से चर्चाएँ और कमेंट्री प्रसारित कीं। डीडी न्यूज़ ने **हीटवेव पर विशेष कार्यक्रम** चलाए हैं और **विशेषज्ञों के साथ विशेष बातचीत** वाले चर्चा शो प्रसारित किए हैं।

4. **संचार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग शुरू करना**

4.1 **डीडी किसान द्वारा एआई एंकरों का शुभारंभ**: एआई के युग को अपनाते हुए, डीडी किसान ने दिनांक 26 मई, 2024 को दो एआई न्यूज़ एंकर, **एआई कृष और एआई भूमि** को पेश किया। ये एआई एंकर **पचास भाषाओं** में बात कर सकते हैं और **24X7 समाचार** देने में सक्षम हैं। इनके लॉन्च को मीडिया में व्यापक कवरेज मिला।

4.2 **सरकारी संचार में एआई पर रणनीतिक बैठक**: दिनांक 6 मई, 2024 को जन-केंद्रित सरकारी संचार में एआई-आधारित प्रौद्योगिकी की भूमिका पर चर्चा करने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव श्री संजय जाजू की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया यूनिटों, भाषिणी (एआई-आधारित भाषा अनुवाद उपकरण) और इलेक्ट्रॉनिकीस एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल थे। इस चर्चा के परिणामों को आगे बढ़ाने के लिए, सरकारी संचार में एआई के संभावित अनुप्रयोगों का पता लगाने और उन्हें लागू करने के लिए एक उप-समिति का गठन किया गया है।

5. **सामग्री विनियमन और लाइसेंसिंग**

5.1 **भारत में विज्ञापनदाताओं पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश**: माननीय सर्वोच्च न्यायालय के डब्लयूपीसी संख्या 645/2022 में दिनांक 7 मई, 2024 के निदेशों के अनुपालन में, विज्ञापनदाताओं और विज्ञापन एजेंसियों को अब एक निर्दिष्ट पोर्टल पर एक **स्व-घोषणा** प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि उनके विज्ञापन मुद्रित, प्रसारित या प्रदर्शित होने से पहले सीटीएन नियम 1994 के तहत विज्ञापन संहिता का उल्लंघन नहीं करते हैं। इस स्व-घोषणा का यह प्रमाण संबंधित प्रसारक, प्रकाशक आदि को उनके रिकॉर्ड के लिए प्रदान किया जाना चाहिए। इसके परिणामस्वरूप, टीवी और रेडियो के लिए प्रसारण सेवा पोर्टल और प्रिंट, डिजिटल और इंटरनेट मीडिया विज्ञापनों के लिए भारतीय प्रेस परिषद के पोर्टल में एक नया फीचर जोड़ा गया है। विज्ञापनदाता या विज्ञापन एजेंसी के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र इन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

5.2 **ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए को बढ़ावा देने के खिलाफ कार्रवाई**: दिनांक 14 मई, 2024 को धारा 79(3)(बी) के तहत सोशल मीडिया माध्यस्थों को **ऑफशोर ऑनलाइन सट्टेबाजी**

**और जुए के प्लेटफॉर्मों के 100 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट्स और सोशल मीडिया पर ऐसे प्लेटफॉर्मों को बढ़ावा देने वाले एंडोर्सर्स/इन्फ्लुएंसर के 60 से अधिक अकाउंट्स** तक पहुंच को डिसएबल करने के लिए एक अधिसूचना जारी की गई।

5.3 **आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत ब्लॉक करना**: सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने आईटी अधिनियम, 2000 और आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों के तहत **एक यूआरएल को ब्लॉक करने** के निर्देश जारी किए।

5.4 **अपमानजनक सामग्री को हटाना**: सोशल मीडिया पर प्रसारित अपमानजनक वीडियो के संबंध में **राष्ट्रीय महिला आयोग से प्राप्त संदर्भ** के आधार पर, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने वीडियो को हटाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (IC4) के साथ समन्वय किया।

5.5 पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने **22 फर्जी खबरों का भंडाफोड़ किया और 33 ट्वीट पोस्ट किए।**

5.6 **चैनल लाइसेंसिंग**: माह के दौरान, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने तीन नए चैनलों के लिए अनुमति दी और एक चैनल के सरेंडर/रद्दकरण करने संबंधी अनुरोध को स्वीकार किया। दिनांक 31 मई, 2024 तक, भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए अधिकृत **प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों** की कुल संख्या **914** है।

5.7 **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस)**: मंत्रालय ने **चार नए सीआरएस** चालू किए और माह के दौरान सीआरएस के लिए 10 जीओपीए को नवीनीकृत करते हुए 7 नए अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए) जारी किए।

6. **अन्य महत्वपूर्ण पहलें**

6.1 **एक डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में आईआईएमसी**: डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में इसकी घोषणा के बाद, भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) ने मीडिया बिजनेस स्टडीज और स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन में अपने पहले एम.ए. (पीजी डिग्री) कार्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू की, जिनमें से प्रत्येक दो वर्ष की अवधि का है।

6.2 **अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को सुदृढ़ करना**: राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने 11 से 16 मई तक आयोजित '**बेलारूस और एनएफडीसी फिल्म समारोह**' और 27 मई से 1 जून तक आयोजित '**अर्जेंटीना और एनएफडीसी फिल्म समारोह**' का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और भारतीय सिनेमा और संबंधित देशों की सिनेमाई विरासत की वैश्विक सराहना को बढ़ाना था।

6.3 **एनएमआईसी में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस**: भारतीय सिनेमा का राष्ट्रीय संग्रहालय (एनएमआईसी) ने दिनांक 18 मई, 2024 को कई आकर्षक कार्यक्रमों के साथ अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया। समारोह की शुरुआत आगंतुकों के लिए **'म्यूजियम के क्यूरेटर वॉकथ्रू'** से हुई, जिसके बाद **दिग्गज अभिनेत्री सुश्री फरीदा जलाल** की गरिमामयी उपस्थिति **एनएफडीसी की क्लासिक 'मम्मो'** की स्क्रीनिंग की गई। इसके बाद 'फिल्मी कारवां' तथा आर्टिस्टिक आर्काइव्स द्वारा 'सिर्फ तुम्हारे लिए' नामक एक ओपन-एयर थिएटर एक्ट प्रदर्शित किए गए और इसका समापन डॉक्यूमेंट्री 'कमला' की स्क्रीनिंग के साथ हुआ, जिसमें आगंतुकों को पुरानी प्रोजेक्शन तकनीकों का एक अनूठा अनुभव प्रदान किया गया।

6.4 **सत्यजीत रे जयंती:** दिनांक 2 मई, 2024 को सत्यजीत रे की जयंती पर, सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एसआरएफटीआई) ने मुख्य थिएटर में अपना **12वां दीक्षांत समारोह** आयोजित किया। समारोह में छात्रों द्वारा एक संगीतमय प्रदर्शन, श्री समिक बंदोपाध्याय द्वारा एक ज्ञानवर्धक रे मेमोरियल व्याख्यान और श्री सुशांत मिश्रा द्वारा एक प्रेरक समापन भाषण दिया गया, जिसमें महान फिल्म निर्माता की विरासत का जश्न मनाया गया।

7. **मीडिया यूनिटों द्वारा मीडिया कवरेज का सारांश**

7.1 **प्रसार भारती और पत्र सूचना कार्यालय द्वारा लाइव कवरेज और प्रचार**: प्रसार भारती और पत्र सूचना कार्यालय ने भारत के माननीय राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित **अन्य अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सहभागिता वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रमों** के लिए लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया। **पद्म पुरस्कार 2024** की प्रस्तुति, 'बीट द हीट' अभियान, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 संबंधी समारोह, आयुर्वेद को आगे बढ़ाने के लिए **प्रगति-2024 का शुभारंभ**, ओएनडीसी स्टार्टअप महोत्सव और चक्रवात 'रेमल' के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक के लिए भी मीडिया कवरेज सुनिश्चित की गई।

7.2 **प्रेस विज्ञप्तियां और प्रकाशन**: पत्र सूचना कार्यालय और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और 14 क्षेत्रीय भाषाओं में **1,919 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी कीं। भारत सरकार की पहलों के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए **दो महत्वपूर्ण लेख** प्रकाशित किए गए, जिसके परिणामस्वरूप देश भर में लगभग 50 क्लिपिंग प्राप्त हुईं। **नए आपराधिक न्याय कानूनों के बारे में जागरूकता** बढ़ाने के लिए, पत्र सूचना कार्यालय ने देश भर में **आठ 'वार्तालाप'** आयोजित किए, जिन्हें समाचार पत्रों में व्यापक कवरेज मिला और लगभग 100 क्लिपिंग प्राप्त हुईं।

7.3 **सोशल मीडिया कवरेज:** मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने लगभग **219 अनूठे ग्राफिक्स, वीडियो, रील, इमेजेस, पोस्ट, ट्वीट** प्रसारित कर विभिन्न विषयों पर व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया। इन प्रयासों का उद्देश्य डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर व्यापक जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देते हुए प्रमुख पहलों और कार्यक्रमों के बारे में जनता को सूचित करना और इनसे जोड़ना था। उल्लेखनीय अभियानों में कान्स फिल्म समारोह, पद्म पुरस्कार, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, भारत के लोकप्रिय भोजन, भारत की पेंटिंग, भारत के शास्त्रीय नृत्य, एमआईबीपॉजिटिव और वीकनामा शामिल थे, जिन्हें इन्फोग्राफिक्स, रील, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से हाइलाइट किया गया।

(सी. सेंथिल राजन)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23382597